कार्यालय नगर परिषद, बक्सर

आम सूचना

नगर परिषद् बक्सर में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना के मार्गदर्शिका के अनुसार एक कम्यूनिटी ऑर्गेनाईजर (COs) का नियोजन 11 माह के अनुबंध पर किया जाना है। संतोषप्रद सेवा होने पर अवधि विस्तार किया जायेगा। उक्त पद पर कार्य करने हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के साथ बायोडाटा विज्ञापन प्रकाशन की तिथी से 15 दिनो तक आमंत्रित किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी नगर परिषद् बक्सर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

पात्रता की शर्तेः–

1. शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में कम से कम इन्टर (10+2) होना अनिवार्य है।
2. उम्मीदवारों के पास सामाजिक विकास पर समुदाय के साथ कार्य करने का कम से कम 05 (पाँच) वर्षो का सम्बंधित अनुभव होना चाहिए, तथा जीविका/ NRLM / NULM या SPUR जैसे कार्यक्रमो में क्षेत्र समन्वयक/CMM/ सामुदायिक मोबिलाइजर्स/सामुदायिक संगठ्न/ सामुदायिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने का कम से कम 03 वर्ष अनुभव होना चाहिए।
3. सामुदायिक संगठ्न हेतु आवेदन करता को एम.एस. ऑफिस (Word, Excel, Power Point) में दक्षता आवश्यक है।

   मानदेय भत्ताः–मानदेय अधिकतम समेकित पारिश्रमिक 15000 रूपया प्रतिमाह दिया जायेगा।

   चयन प्रक्रियाः–नगर निकाय के द्वारा लिखित परीक्षा तथा कम्प्यूटर से संबंधति परीक्षा एवं साक्षात्कार लिया जायेगा। उच्चतर शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव पात्रता मापदंडो के आधार पर बायोडाटा जाँच एवं साक्षात्कार के उपरांत मेधा सूची के आधार पर चयन, गठित चयन समिति द्वारा की जायेगी।
4. समिति की मंजूरी के साथ, मेरिट सूची तैयार की जाएगी और निकाय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।
5. नगर निकाय सफल उम्मीदवारों को औपचारिक पत्र जारी करेगा।

नोटः–

01. बायोडाटा एवं सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र अनुभव प्रमाण–पत्र सूचना प्रकाशन तिथि के 15वे दिन के बाद जमा नही लिया जाएगा एवं आम सूचना प्रकाशन रदद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
02. सामुदायिक संगठ्न का रिक्ती कोटीवार नही है। अतः इसे समान्य कोटी में रखा जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् बक्सर
09/09/2021